**आवश्यक**

**पंचायत आम चुनाव, 2021**

# राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
# STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्रांक - पं.नि. 30-25/2020 - 236

प्रेषक,

योगेन्द्र राम
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी -सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)

पटना, दिनांक - 30.1.21

**विषय : पंचायत आम निर्वाचन, 2021 - मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में।**

**प्रसंग : आयोग का पत्रांक 1506 दिनांक 11.12.2020**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा पंचायत आम निर्वाचन, 2021 के लिए मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में विस्तृत निर्देश निर्गत किये गये हैं। कतिपय जिलों द्वारा पृच्छा की जा रही है कि नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार द्वारा ग्राम पंचायत का पूर्ण भाग अथवा ग्राम पंचायत का अंश जो नगरपालिका क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किये जाने हेतु प्रारूप प्रकाशित किये गये हैं, उन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची की तैयारी संबंधी कार्य किया जाय अथवा नहीं।

उक्त सन्दर्भ में स्पष्ट करना है कि चूँकि ग्राम पंचायत का पूर्ण भाग अथवा ग्राम पंचायत का अंश जो नगरपालिका क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किये जाने हेतु प्रारूप प्रकाशित किये गये हैं, उन्हें अन्तिम रूप से अधिसूचित नहीं किया गया है। अन्तिम रूप से अधिसूचित होने के पश्चात ही वह प्रभावकारी होगा।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि नगरपालिका क्षेत्र के रूप में जिन प्रा.नि.क्षे. का प्रारूप प्रकाशन किया गया है, उन क्षेत्र में पंचायत आम निर्वाचन संबंधी मतदाता सूची तथा मतदान केन्द्र संबंधी सभी कार्य किये जायेंगे। उन क्षेत्रों के मतदान केन्द्र तथा मतदाताओं को चिह्नित कर रखी जाय। इस संबंध में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नवगठित नगरपालिकाओं को अन्तिम रूप से अधिसूचित किये जाने के पश्चात ही अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी।

विश्वासभाजन,

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि.30-25/2020 - 236 पटना, दिनांक - 30.1.21

प्रतिलिपि, सभी प्रमण्डलीय आयुक्तों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि कृपया अपने स्तर से नियमित समीक्षा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि.30-25/2020 - 236 पटना, दिनांक - 30.1.21

प्रतिलिपि, अपर मुख्य सचिव, पंचायत राज विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक - पं.नि.30-25/2020 -236 पटना, दिनांक -30.1.21

प्रतिलिपि, निदेशक सॉफ्टवेयर एजुकेशन एण्ड रिसर्च प्रा. लि. को आयोग के वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सचिव 30/01/2021

D:\pm5\P_E_2021/81